भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †7
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने हेतु चल रही परियोजनाएं

†7. **श्री टी.एन. प्रथापन:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पर्यटन मंत्रालय का देश के विभिन्न भागों में तीर्थ पर्यटन परिपथ शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में तीर्थ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान में कितनी परियोजनाएं चल रही हैं;

(ग) धार्मिक यात्राओं के लिए विभिन्न राज्यों में यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार एक तीर्थ पर्यटन परिपथ स्थापित करने की योजना बना रही है जो गुरुवायूर में श्रीकृष्ण मंदिर, त्रिशूर में वडक्कुमनाथन मंदिर, पलायूर चर्च, इरिंजालक्कुडा में कुडालमाणिक्यम मंदिर, कोडुन्गल्लूर में भगवती मंदिर, कोडुन्गल्लूर में चेरामन जामा मस्जिद, त्रिप्रायर में श्रीरामस्वामी मंदिर आदि जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को जोड़ता है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय अपनी योजनाओं नामतः 'स्वदेश दर्शन', 'प्रशाद' (तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान) और 'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' के तहत देश में तीर्थस्थलों सहित पर्यटक गंतव्यों पर अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । योजनाओं के तहत परियोजनाओं की पहचान राज्य/संघ क्षेत्र प्रशासन (यूटीए)/केंद्रीय एजिंसियों के परामर्श से की जाती है और ये योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, निधियों की उपलब्धता एवं चल रही परियोजनाओं की स्थिति के अध्यधीन है ।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'स्वदेश दर्शन', के तहत कुल 76 परियोजनाएं, 'प्रशाद' योजना के तहत 46 परियोजनाएं और केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत 38 परियोजनाएं स्वीकृत की गई है ।

मंत्रालय द्वारा धार्मिक यात्राओं के लिए राज्य भर में होने वाली तीर्थयात्राओं के आंकड़े नहीं रखे जाते हैं । तथापि, वर्ष 2018-2022 के दौरान राज्य -वार घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का ब्यौरा **अनुबंध-।** में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा उपरोक्त योजनाओं के तहत केरल राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-।।** में दिया गया है ।

*****

**अनुबंध-I**

श्री टी.एन. प्रथापन द्वारा धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने हेतु चल रही परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 04.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †7 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

वर्ष 2018-2022 के दौरान घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राएं (एफटीवी) का राज्य-वार ब्यौरा

**(लाख में)**

| **राज्य/केंद्र शासित प्रदेश** | **2018** | | **2019** | | **2020** | | **2021** | | **2022** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **डीटीवी** | **एफटीवी** | **डीटीवी** | **एफटीवी** | **डीटीवी** | **एफटीवी** | **डीटीवी** | **एफटीवी** | **डीटीवी** | **एफटीवी** |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 4.98 | 0.15 | 5.05 | 0.16 | 1.91 | 0.05 | 1.26 | 0.02 | 2.35 | 0.04 |
| आंध्र प्रदेश | 1947.68 | 2.81 | 2370.52 | 2.80 | 708.29 | 0.68 | 932.78 | 0.28 | 1927.17 | 1.66 |
| अरुणाचल प्रदेश | 5.12 | 0.08 | 5.56 | 0.08 | 0.43 | 0.01 | 1.03 | 0.00 | 2.22 | 0.01 |
| असम | 47.11 | 0.16 | 54.48 | 0.27 | 12.67 | 0.07 | 14.09 | 0.01 | 83.82 | 0.09 |
| बिहार | 336.22 | 10.88 | 339.90 | 10.93 | 56.38 | 3.08 | 25.01 | 0.01 | 253.30 | 0.87 |
| चंडीगढ़ | 15.39 | 0.40 | 15.64 | 0.44 | 4.18 | 0.12 | 2.29 | 0.05 | 30.27 | 0.28 |
| छत्तीसगढ़ | 193.30 | 0.14 | 173.05 | 0.07 | 28.10 | 0.02 | 47.47 | 0.00 | 236.36 | 0.00 |
| संघीय क्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव | 15.08 | 0.07 | 15.16 | 0.07 | 4.02 | 0.02 | 6.61 | 0.00 | 8.00 | 0.02 |
| दिल्ली | 291.14 | 27.41 | 364.68 | 29.83 | 95.84 | 6.81 | 106.42 | 1.00 | 271.86 | 8.16 |
| गोवा | 70.82 | 9.34 | 71.27 | 9.37 | 32.59 | 3.03 | 33.08 | 0.22 | 70.12 | 1.75 |
| गुजरात | 543.70 | 5.13 | 588.65 | 5.96 | 194.65 | 2.10 | 245.25 | 0.11 | 1358.11 | 17.77 |
| हरियाणा | 48.89 | 0.74 | 45.49 | 0.48 | 21.15 | 0.17 | 20.25 | 0.05 | 21.08 | 0.02 |
| हिमाचल प्रदेश | 160.94 | 3.57 | 168.29 | 3.83 | 31.71 | 0.43 | 56.32 | 0.05 | 150.71 | 0.29 |
| जम्मू और कश्मीर | 170.76 | 1.40 | 161.63 | 0.58 | 25.20 | 0.05 | 113.15 | 0.02 | 184.99 | 0.20 |
| झारखंड | 354.09 | 1.76 | 355.81 | 1.76 | 25.75 | 0.00 | 33.84 | 0.02 | 382.84 | 1.92 |
| कर्नाटक | 2143.06 | 5.44 | 2279.35 | 6.09 | 774.53 | 1.65 | 813.34 | 0.72 | 1824.13 | 1.29 |
| केरल | 156.05 | 10.96 | 183.84 | 11.90 | 49.89 | 3.41 | 75.38 | 0.60 | 188.67 | 3.46 |
| लक्षद्वीप | 0.10 | 0.01 | 0.07 | 0.01 | 0.03 | 0.00 | 0.14 | 0.00 | 0.23 | 0.00 |
| मध्य प्रदेश | 839.70 | 3.75 | 887.07 | 3.28 | 235.20 | 1.00 | 255.54 | 0.42 | 358.49 | 2.04 |
| महाराष्ट्र | 1191.92 | 50.79 | 1492.95 | 55.29 | 392.35 | 12.62 | 435.69 | 1.86 | 1112.98 | 15.12 |
| मणिपुर | 1.76 | 0.06 | 1.68 | 0.14 | 0.50 | 0.03 | 0.49 | 0.01 | 1.40 | 0.04 |
| मेघालय | 11.98 | 0.18 | 12.46 | 0.26 | 0.25 | 0.02 | 1.54 | 0.00 | 9.37 | 0.08 |
| मिजोरम | 0.77 | 0.01 | 1.64 | 0.02 | 0.31 | 0.00 | 0.87 | 0.00 | 2.18 | 0.03 |
| नागालैंड | 1.02 | 0.05 | 1.26 | 0.06 | 0.11 | 0.01 | 0.24 | 0.00 | 0.97 | 0.03 |
| ओडिशा | 152.09 | 1.11 | 153.08 | 1.15 | 46.22 | 0.10 | 37.42 | 0.02 | 78.68 | 0.22 |
| पुद्दुचेरी | 16.17 | 1.41 | 17.13 | 1.50 | 11.15 | 0.92 | 12.53 | 0.00 | 17.60 | 0.01 |
| पंजाब | 445.95 | 12.01 | 473.85 | 11.01 | 166.92 | 3.59 | 266.40 | 3.08 | 260.89 | 3.29 |
| राजस्थान | 502.36 | 17.54 | 522.20 | 16.06 | 151.17 | 4.46 | 219.89 | 0.35 | 1083.28 | 3.97 |
| सिक्किम | 14.26 | 0.71 | 14.22 | 1.33 | 3.16 | 0.20 | 5.12 | 0.12 | 16.26 | 0.69 |
| तमिलनाडु | 3859.09 | 60.74 | 4948.65 | 68.66 | 1406.51 | 12.28 | 1153.37 | 0.58 | 2185.85 | 4.07 |
| त्रिपुरा | 4.14 | 1.03 | 4.37 | 1.54 | 1.28 | 0.32 | 1.78 | 0.00 | 2.36 | 0.08 |
| तेलंगाना | 928.78 | 3.18 | 830.36 | 3.23 | 399.97 | 0.47 | 320.01 | 0.06 | 607.48 | 0.68 |
| उत्तर प्रदेश | 2850.80 | 37.81 | 5358.5 | 47.45 | 861.22 | 8.91 | 1097.08 | 0.45 | 3179.14 | 6.49 |

| राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | 2018 | | 2019 | | 2020 | | 2021 | | 2022 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी | एफटीवी | डीटीवी | एफटीवी |
| | | | 5 | | | | | | | |
| उत्तराखण्ड | 356.10 | 1.51 | 375.86 | 1.52 | 70.05 | 0.41 | 194.34 | 0.09 | 546.43 | 0.62 |
| पश्चिम बंगाल | 856.57 | 16.17 | 923.66 | 16.56 | 288.42 | 4.63 | 243.26 | 0.35 | 845.42 | 10.37 |
| लद्दाख | 0.00 | 0.00 | 2.41 | 0.39 | 0.07 | 0.01 | 3.03 | 0.01 | 5.10 | 0.21 |
| **कुल** | **18537.9** | **288.5** | **23219.8** | **314.1** | **6102.2** | **71.7** | **6776.3** | **10.5** | **17310.1** | **85.9** |

*****

**अनुबंध-II**

श्री टी.एन. प्रथापन द्वारा धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने हेतु चल रही परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 04.12.2023 के लोक सभा को पूछे जाने वाले लिखित प्रश्न सं. †7 के भाग (क) से (ङ.) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के तहत केरल राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा

**(राशि करोड़ में)**

| **क्र. सं.** | **योजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वदेश दर्शन | 2015-16 | इको परिपथ: पथानामथिट्टा- गावी- वागामोन- थेक्कडी का विकास | 64.08 |
| 2 | | 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ: सबरीमाला - एरुमेली-पम्पा-सन्निधानम का विकास | 47.74 |
| 3 | | 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ: श्री पद्मनाभ मंदिर, अरनमुला का विकास | 78.08 |
| 4 | | 2018-19 | आध्यात्मिक परिपथ: शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम- कुन्नुमपारा श्री सुब्रमण्यम- चेंबझंती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 |
| 5 | | 2018-19 | ग्रामीण परिपथ: मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| 6 | प्रशाद | 2016-17 | गुरुवयूर मंदिर का विकास | 45.19 |
| 7 | केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता | 2016-17 | विलिंग्डन द्वीप, कोचीन, केरल पर एक वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | 9.01 |
| 8 | | 2016-17 | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | 21.41 |
| 9 | | 2016-17 | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई त्रिवेन्द्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना | 24.64 |
| 10 | | 2018-19 | कोचीन पोर्ट क्रूज़ टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास | 1.20 |
| 11 | | 2018-19 | कोचीन नॉर्थ ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | 4.66 |
| 12 | | 2019-20 | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना के विकास के लिए सीएफए | 10.29 |

*****